# University in News on 18 January 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

100 Years 1920-2020

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखेगी छात्रों की रचनात्मकता



लखनऊ। लविवि ने सोमवार को बाथ स्पा यूनिवर्सिटी इंग्लैंड के साथ एमओयू किया। इससे अब विवि के फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के विद्यार्थियों की रचनात्मकता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दिखेगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मौजूदगी में फाइन आर्ट्स के डीन प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा के साथ बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के डेनियल एलेन, रोजर क्लार्क और क्रिस्टिन डॉर्न भी मौजूद रहे। एमओयू के तहत डॉ. राजन श्रीपद फुलारी को दोनों विवि के बीच लाइजनिंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर कई शुरुआती कार्यक्रमों की भी चर्चा की। दोनों शैक्षिक संस्थानों ने अपने छात्रों की अकादमिक प्रगति के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई को आगे बढ़ाने की सहमति दी। शुरुआती दौर में कोविड नियमों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न छात्र केंद्रित कार्यक्रम वर्चुअल प्लेटफार्म पर होंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### फिजिक्स पार्टटाइम पीएचडी की लिस्ट जारी

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की संस्तुति पर फिजिक्स विभाग में पार्टटाइप पीएचडी के लिए चयनित विद्यार्थियों की सूची जारी कर दी है। डीन प्रवेश प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि चयनित विद्यार्थी 21 जनवरी तक विवि की वेबसाइट से ऑनलाइन फीस जमा करें। (माई सिटी रिपोर्टर)

## i-NEXT PAGE 2

### पार्ट टाइम पीएचडी की सूची जारी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (17 Jan): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने सोमवार को फिजिक्स डिपार्टमेंट में पार्ट टाइम पीएचडी में एडमिशन के लिए चयनित कैंडीडेट्स की सूची जारी कर दी. इसमें सिर्फ दो कैंडीडेंट्स का चयन हुआ है. इन्हें 21 जनवरी तक ऑनलाइन फीस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं. डीन एडमिशन प्रो. वीके शर्मा ने बताया कि फीस जमा करने के बाद कैंडीडेट्स को विभाग जाकर डॉक्यूमेंट्स का वेरीफिकेशन कराना होगा. यूनिवर्सिटी ने पार्ट टाइम पीएचडी के लिए 25 विषयों में 92 सीटों पर आवेदन लिए थे. इंटरव्यू के बाद अब तक 14 विषयों के परिणाम जारी कर प्रवेश प्रक्रिया चल रही है.

## JAGRAN CITY PAGE III

### आर्ट्स कालेज के विद्यार्थी सीखेंगे फिल्म प्रोडक्शन



लंदन की बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू पर आनलाइन माध्यम से हस्ताक्षर की जानकारी देते लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय
● सौजन्य : लखनऊ विश्वविद्यालय

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के कालेज आफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट के विद्यार्थियों को अब लंदन जाकर आर्ट एंड डिजाइन, आर्ट आफ आर्किटेक्चर और फिल्म प्रोडक्शन सहित कई कला से जुड़े प्रमुख कोर्स पढ़ने और अपनी मेधा को उजागर करने का मौका मिलेगा। वहां के विद्यार्थी भी यहां आकर पढ़ सकेंगे। इसके लिए सोमवार को आर्ट्स कालेज और लंदन स्थित बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू हुआ। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। आर्ट्स एंड क्राफ्ट कालेज के प्रो. राजन श्रीपाद फुलारी ने बताया कि इस एमओयू से दोनों जगह के विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। अभी कोविड की वजह से विद्यार्थियों को छात्र केंद्रित कार्यक्रम वर्चुअल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराए जाएंगे। सोमवार को लंदन स्थित बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के आर्ट एंड डिजाइन कालेज के डेनियल एलन, फैकल्टी के क्रिस्टिन डोरेन और रोजर क्लार्क आनलाइन माध्यम से ओएमयू की प्रक्रिया में शामिल हुए। इस अवसर पर डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन भी उपस्थित रहीं।

### पीएचडी प्रवेश की सूची जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को भौतिक विज्ञान विषय में पार्ट टाइम पीएचडी दाखिले के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी। इसमें सिर्फ दो विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इन्हें 21 जनवरी तक आनलाइन फीस जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

### लविवि तथा बाथ स्पा यूनिवर्सिटी का एमओयू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के विभिन्न छात्रों को अपनी रचनात्मकता बढ़ाने तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर प्रदान करने के लिए सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के डीन प्रो. आलोक कुमार कुशवाहा ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन किया है। इस एमओयू के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कई साझा कार्यक्रम शुरू होंगे। गूगल मीट पर आयोजित इस कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा के साथ बाथ स्पा यूनिवर्सिटी से इस पहल को नेतृत्व देने वाले डेनियल एलेन, रोजर क्लार्क और क्रिस्टिन डॉर्न उपस्थित रहे। एमओयू साइन करते समय डा. राजन श्रीपद फुलारी (दोनों विश्वविद्यालयों के बीच मध्यस्थ) ने कई शुरूआती कार्यक्रमों का सुझाव रखा। इन सुझावों को स्पा यूनिवर्सिटी के रोजर क्लार्क व अन्य उपस्थित अधिकारियों ने स्वागत किया।

### लविवि में शुरू हुईं गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं। 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड, ध्वजारोहण और गार्ड ऑफ आनर के लिए 250 एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। समारोह के लिए चल रहे अभ्यास और हथियारों के प्रशिक्षण गतिविधियों में सभी कोविड से संबंधित प्रोटोकॉल मापदंडों का पालन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में एनसीसी की सेना (63 बीएन और 64 बीएन) और नौसेना (3 यूपी) विंग हैं। ये समस्त गतिविधिया एनसीसी अधिकारियों (संजय गुप्ता, प्रो. राजेश शुक्ला, डी.के..सिंह एवं डा. किरणलता डंगवाल) की देखरेख में आयोजित की जा रही हैं। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने उन छात्रों की सराहना की है जो इस कोविड काल में भी 'देश पहले की भावना' में नियमित अभ्यास कर रहे हैं ।

## PIONEER PAGE 3 & 4

### बाथ स्पा यूनिवर्सिटी और लविवि के बीच अनुबंध

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स और अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में शामिल बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के बीच सोमवार को एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर किया गया। अनुबंध के तहत के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के बीच कई साझा कार्यक्रम शुरू होंगे। इससे फाइन आर्ट्स के छात्रों को अपनी रचनात्मकता बढ़ाने के लिए अब अंतराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर मिलेंगे। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय और फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के डीन प्रो आलोक कुमार कुशवाहा उपस्थित रहे। गूगल मीट पर हुए इस कार्यक्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स प्रो राकेश चंद्रा के साथ बाथ स्पा यूनिवर्सिटी से इस पहल को नेतृत्व देने वाले डेनियल एलेन, रोजर क्लार्क और क्रिस्टिन डॉर्न उपस्थित रहे। दोनों शैक्षिक संस्थानों ने अपने छात्रों की अकादमिक प्रगति के लिए अपने बीच के सम्बंधों को आगे बढ़ाने की सहमति प्रदान की।



### लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुरू की गणतंत्र दिवस की तैयारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियाँ शुरू हो चुकी हैं। 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड, ध्वजारोहण और गार्ड ऑफ आनर के लिए 250 एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए चल रहे अभ्यास और हथियारों के प्रशिक्षण गतिविधियों में सभी कोविड से संबंधित प्रोटोकॉल मापदंडों का पालन किया जा रहा है। विवि के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक विवि में एनसीसी की सेना 63 बीएन और 64 बीएन और नौसेना 3 यूपी विंग हैं। ये समस्त गतिविधियां चार सहयोगी एनसीसी अधिकारियों प्रो संजय गुप्ता, प्रो राजेश शुक्ला, प्रो डी के सिंह एवं डॉ किरणलता डंगवालद्ध की देखरेख में आयोजित की जा रही हैं।

## THE PIONEER PAGE 3

### MOU SIGNED

The College of Arts and Crafts of Lucknow University, led by Vice-Chancellor Prof AK Rai, and principal Alok Kumar Kushwaha, signed an agreement with Bath Spa University, UK, on Monday. DSW Poonam Tandon said that Daniel Allen from the Bath Spa University joined the partnership discussion virtually. Dean, Academics, Rakesh Chandra welcomed the dignitaries and on behalf of the VC, he gave an introduction of Lucknow University and its history. Similarly, Daniel Allen introduced Bath Spa University and its Art Academics. Kushwaha also introduced the College of Arts and Crafts in context with historical perspective and its contributions in contemporary Indian art. Rajan Shripad Fulari, who has been deputed as a liaisoning officer on behalf of the College of Arts and Crafts, proposed various introductory activities between the two universities. Meanwhile, the preparations for Republic Day celebrations have started at Lucknow University. As many as 250 NCC cadets are receiving training for the Republic Day parade and flag hoisting.

### लविवि में शुरू हुई गणतंत्र दिवस की तैयारियां

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। 26 जनवरी की गणतंत्र दिवस परेड, ध्वजारोहण और गार्ड ऑफ आनर के लिए 250 एनसीसी कैडेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए चल रहे अभ्यास और हथियारों के प्रशिक्षण गतिविधियों में सभी कोविड से संबंधित प्रोटोकॉल मापदंडों का पालन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में एनसीसी की सेना (63 बीएन और 64 बीएन) और नौसेना (तीन यूपी) विंग हैं। ये समस्त गतिविधियां चार सहयोगी एनसीसी अधिकारियों (प्रो. संजय गुप्ता, प्रो. राजेश शुक्ला, प्रो. डीके सिंह एवं डॉ किरणलता डंगवाल) की देखरेख में आयोजित की जा रही हैं।

## NBT PAGE 6

### एलयू और स्पा यूनिवर्सिटी में करार

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय और फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के डीन प्रो.आलोक कुमार कुशवाहा ने अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय बाथ स्पा यूनिवर्सिटी के साथ करार किया है। गूगल मीट पर हुए इस कार्यक्रम में एलयू के डीन अकैडमिक्स प्रो. राकेश चंद्रा के साथ बाथ स्पा यूनिवर्सिटी से डेनियल एलेन, रोजर क्लार्क और क्रिस्टिन डॉर्न शामिल हुए। एमओयू के दौरान डॉ.राजन श्रीपद फुलारी ने शुरुआती कार्यक्रमों का सुझाव रखा। दोनों शैक्षिक संस्थानों ने अपने छात्रों की अकादमिक प्रगति के लिए जल्द से जल्द अपने बीच के संबंधों को आगे बढ़ाने की सहमति दी। कोरोना महामारी और सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग छात्र केंद्रित कार्यक्रम वर्चुअल प्लैफॉर्म पर किए जाएंगे।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

### अशंकालिक पीएचडी की चयनित सूची जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने अंशकालिक पीएचडी के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी है।

सूची को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र 2020-21 के लिए अंशकालिक पीएचडी कार्यक्रम के लिए अनंतिम रूप से चयनित सूची जारी की गयी है। चयनित उम्मीदवारों के 21 जनवरी तक फीस जमा करने का मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी शुल्क आनलाइन व क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भी जमा कर सकते हैं। बता दें कि ये सूची पहले ही जारी की जानी चाहिए थी लेकिन नहीं जारी हो सकी थी।